हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 26 अगस्त 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 हाथों में तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने नारे लगाकर...



09 श्रद्धा से निकाली बाबा बैजनाथ की शाही सवारी...



11 किमी की कांवड़ यात्रा में पंडित प्रदीप मिश्रा ने कांवड़ लेकर श्रद्धालुओं के साथ किया अभिषेक

रिमझिम बारिश की फुहारों के बीच शिवभक्ति में डूबा सीहोर, सीवन तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष



भगवा वस्त्रों में सजे हजारों कांविड़ये, कंधों पर कांवड़ लेकर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे। रिमझिम बारिश भी शिवभक्तों की आस्था को नहीं डिगा सकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सावन के अंतिम चरण में प्रदोष के पावन अवसर पर मंगलवार को सीहोर से कुबेरेश्वरधाम तक आस्था, भक्ति और सेवा का विराट संगम देखने को मिला। शहर के सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक करीब 11 किलोमीटर लंबी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। भगवा वस्त्रों में सजे हजारों कांवड़िए कंधों पर कांवड़ लेकर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे। रिमझिम बारिश भी शिवभक्तों की आस्था को नहीं डिगा सकी। सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक निकली इस कांवड़ यात्रा में बारिश, भक्ति, सेवा और शिव नाम का ऐसा संगम दिखाई दिया कि पूरा मार्ग मानो शिवमय हो गया।

कांवड़ यात्रा का प्रमुख आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वयं कांवड़ लेकर श्रद्धालुओं के साथ चलना रहा। सुबह करीब सवा नौ बजे उन्होंने सीवन नदी तट पर पहुंचकर कांवड़ में जल भरा और श्रद्धालुओं के साथ पैदल कुबेरेश्वरधाम के लिए रवाना हुए। उनके यात्रा में शामिल होते ही कांवड़ियों का उत्साह और बढ़ गया। हजारों श्रद्धालु उनके साथ भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।



बारिश में भी नहीं रुके कदम

यात्रा शुरू होते ही बारिश की फुहारें शुरू हो गईं, लेकिन श्रद्धालुओं के कदम नहीं रुके। कांवड़िए बारिश में भी भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे। किसी के कंधे पर कांवड़ थी तो किसी के हाथ में भगवा ध्वज। पूरे मार्ग पर शिव नाम के जयकारों और भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। ऐसा लग रहा था मानो बारिश की बूंदें भी शिवभक्तों की इस आस्था यात्रा का अभिषेक कर रही हों। कांवड़िए कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर सीवन के पवित्र जल से भगवान कुबेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना करते नजर आए।

शिविरों में श्रद्धालुओं की सेवा

कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर से कुबेरेश्वरधाम तक विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक सेवा शिविर लगाए गए। इनमें भोजन-प्रसादी, फलहारी खिचड़ी, नाश्ता, केले, फल, बिस्किट और पेयजल की व्यवस्था की गई। क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के साथ विठलेश सेवा समिति के सेवादार भी सेवा कार्य में जुटे रहे। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित सेवादारों ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की। समिति के अनुसार बड़ी संख्या में पहुंचे कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं को भंडारे में भोजन कराया गया।

450 किलोमीटर भगवान भोलेनाथ की झांकी लेकर पहुंचे

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रसिद्ध भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। आधा दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और भजन मंडलियां यात्रा का विशेष आकर्षण रहीं। महाराष्ट्र के जलगांव से आए श्रद्धालुओं का दल भगवान भोलेनाथ की झांकी के साथ करीब 450 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कुबेरेश्वरधाम पहुंचा।

कई राज्यों से पहुंचे शिवभक्त

कांवड़ यात्रा में मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु शामिल हुए। विदेशों से भी शिवभक्त धाम पहुंचे। अलग-अलग क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने यात्रा में शामिल होकर सीवन नदी के जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। कुबेरेश्वरधाम पहुंचने के बाद पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा है। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि पूरे सावन माह लाखों श्रद्धालुओं के आवागमन के बीच चिकित्सा, पार्किंग, यातायात, भोजन-प्रसादी, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सीवन नदी तट की व्यवस्थाओं को संभालने में सभी ने कार्य किया। श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे सामाजिक संगठनों, सेवादारों के योगदान की भी सराहना की। सीवन नदी से धाम तक निकली इस कांवड़ यात्रा में बारिश, भक्ति, सेवा और शिव नाम का ऐसा संगम दिखाई दिया कि पूरा मार्ग मानो शिवमय हो गया।







नपा के 300 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी व्यवस्थाओं में जुटे रहे

विश्व पटल पर रोशन हो रहा शहर का नाम: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पवित्र श्रावण मास के अवसर पर मंगलवार को सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत कर उनके साथ कांवड़ यात्रा में सहभागिता की। इस दौरान पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी कथा, शिवभक्ति और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सीहोर का नाम देश ही नहीं, बल्कि विश्व पटल पर रोशन किया है। कुबेरेश्वरधाम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का पहुंचना सीहोर के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन के साथ नगर पालिका परिषद की टीम भी व्यवस्थाओं में पूरी तरह जुटी रही। नगर पालिका के करीब 300 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक विभिन्न व्यवस्थाओं में तैनात रहे। स्वच्छता, पेयजल, यातायात सहयोग और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर कर्मचारियों ने लगातार सेवाएं दीं।



कांवड़ भरने के लिए लगाए 600 नल

नपा अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि कांवड़ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीवन नदी क्षेत्र में करीब 600 नलों की व्यवस्था की गई। इससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को कांवड़ में जल भरने में सुविधा मिली। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए दर्जनों कचरा वाहन लगाए गए और सफाईकर्मियों की टीम लगातार काम करती रही। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सीहोर पहुंचना शहरवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। नगर पालिका का प्रयास रहा कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। यात्रा मार्ग पर स्वच्छता, पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा, आस्था और सेवा की भावना से निकली यह कांवड़ यात्रा सीहोर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करती है।

राशन वितरण में अनियमितता, उचित मूल्य दुकान के विक्रेता को तत्काल हटाया

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आष्टा अनुविभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिद्दीकगंज में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत मिलने पर एसडीएम महेन्द्र प्रताप सिंह किरार के निर्देशानुसार सहायक आपूर्ति अधिकारी मिताली मेहरा द्वारा दुकान का तत्काल निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों ने राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत की। इनमें दुकान का समय पर नहीं खुलना तथा पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक लगाकर राशन सामग्री प्रदान नहीं किए जाने जैसी शिकायतें शामिल थीं। मौके पर उचित मूल्य दुकान संचालक विनोद गोस्वामी द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर निरीक्षणकर्ता अधिकारी ने दुकान के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। इस प्रकरण में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर उचित मूल्य दुकान विक्रेता को तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सामग्री वितरण के दायित्व से पृथक कर दिया गया है। साथ ही खाद्यान्न स्टॉक में अंतर पाए जाने पर 7 लाख 70 हजार 442 रुपये 14 पैसे की राशि शासन मद में जमा कराने के आदेश संबंधितों के विरुद्ध दिए गए हैं। एसडीएम महेन्द्र प्रताप सिंह किरार ने स्पष्ट किया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण संबंधी अनियमितता या शिकायत पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

खबर संक्षेप

तीर्थ दर्शन योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत सीहोर जिले से वैष्णो वाराणसी-गया तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह यात्रा 29 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। योजना के तहत विगत 13 जून से 18 जून तक वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णोदेवी की तीर्थ यात्रा कराई जा चुकी है। इस बार योजना के तहत वाराणसी-गया की तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। यात्रा के लिए पात्र वरिष्ठ नागरिकों जिनकी आयु 60 वर्ष या उनसे अधिक है उसे आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिलाओं के लिए 2 वर्ष की छूट है तथा वरिष्ठ नागरिक आयकरदाता नहीं होने चाहिए। इच्छुक आवेदक 18 सितंबर 2026 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है। इसके साथ ही आवेदन संबंधित नगर पालिका, नगर परिषद अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। यात्रा के लिए निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर यात्रियों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के एकल यात्रियों को एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी। इच्छुक आवेदक निर्धारित समय-सीमा में अपने आवेदन निकटतम नगर पालिका, नगर परिषद अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करें।

शिविर में 964 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 25 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 706 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 258 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 134 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

बारिश में भी तीन घंटे डटे रहे छात्र, बस किराया बढ़ोतरी के खिलाफ किया प्रदर्शन

हाथों में तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने नारे लगाकर किया प्रदर्शन, विधायक के आश्वासन पर समाप्त किया धरना





मंगलवार को बस किराया बढ़ोतरी के विरोध में क्षेत्र के विद्यार्थियों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भैरूंदा में मंगलवार को बस किराया बढ़ोतरी के विरोध में विद्यार्थियों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। शासकीय महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के करीब 100 छात्र-छात्राओं ने बढ़ा हुआ बस किराया कम करने की मांग को लेकर पदयात्रा निकाली और बस स्टैंड पर करीब तीन घंटे तक धरना दिया। इस दौरान रुक-रुककर बारिश होती रही, लेकिन विद्यार्थी खुले आसमान के नीचे जमीन पर डटे रहे। छात्रों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता, वे यहां से नहीं हटेंगे। बाद में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। विद्यार्थियों ने सुबह करीब 11 बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर से पदयात्रा शुरू की।

हाथों में तख्तियां और नारे लगाते हुए छात्र-छात्राएं नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए करीब 11.30 बजे बस स्टैंड पहुंचे। यहां



सभी विद्यार्थी जमीन पर बैठ गए और बस किराया कम करने की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। छात्रों का कहना था कि भैरूंदा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए प्रमुख शिक्षा केंद्र है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन गांवों से बसों के माध्यम से कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों तक पहुंचते हैं। ऐसे में बस किराए में बढ़ोतरी होने से विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें प्रतिदिन आने-जाने के लिए किराए के रूप में बड़ी राशि खर्च करनी पड़ रही है।

बारिश में भी नहीं हटे विद्यार्थी

बस स्टैंड पर छात्रों का धरना करीब तीन घंटे तक चला। इस दौरान बारिश होने के बावजूद विद्यार्थी अपनी मांग पर अड़े रहे। छात्रों ने कहा कि उनका प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे किसी तरह की अव्यवस्था नहीं चाहते। उनका उद्देश्य केवल बस किराया बढ़ने से विद्यार्थियों को हो रही परेशानी को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाना है। धरने की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार आरती सोलंकी सहित पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से चर्चा कर धरना समाप्त करने की समझाइश दी, लेकिन छात्रों ने कहा कि वे अपनी समस्या एसडीएम और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखना चाहते हैं। ठोस आश्वासन मिलने तक धरना जारी रखने की बात कही।

विधायक ने सुनी छात्रों की समस्या

करीब तीन घंटे बाद क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। छात्रों ने बताया कि बढ़ा हुआ बस किराया रोजाना कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। उन्होंने किराया कम कराने की मांग विधायक के सामने रखी। विधायक ने छात्रों को आश्वासन दिया कि इस संबंध में आरटीओ सीहोर से चर्चा कर विद्यार्थियों के किराए को कम कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 4 सितंबर को एसडीएम कार्यालय में विद्यार्थियों और संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में छात्रों की समस्याओं को सुना जाएगा तथा बस किराया कम करने को लेकर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद विद्यार्थियों ने धरना समाप्त कर दिया।

समाधान नहीं हुआ तो फिर करेंगे आंदोलन

धरना समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों ने कहा कि फिलहाल उन्हें 4 सितंबर की बैठक का आश्वासन मिला है। यदि बैठक में उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। छात्रों ने कहा कि मंगलवार के प्रदर्शन में करीब 100 विद्यार्थी शामिल हुए हैं, लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर आगामी आंदोलन में इससे अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं।

तिलक लगाकर संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ



सीहोर। संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं जन-जन तक संस्कृत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 25 से 31 अगस्त तक आयोजित संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ मंगलवार को जिलेभर में उत्साहपूर्वक किया गया। संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिवस संस्कृतभारती द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं एवं प्रमुख स्थानों पर तिलककरण कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं नागरिकों को संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएँ दी गईं। इसी क्रम में सान्दीपनि विद्यालय, बिलकीसगंज (झागरिया) में विद्यार्थियों को तिलक लगाकर संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएँ दी गईं। विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि एवं उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान संस्कृत के महत्व, भारतीय ज्ञान परंपरा में उसके योगदान तथा दैनिक जीवन में संस्कृत के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। संस्कृतभारती के कार्यकर्ताओं ने बताया कि संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत 31 अगस्त तक विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में शोभायात्रा, छात्र एवं विद्यालय संपर्क, गृह संपर्क, श्लोक, सुभाषित, गीत प्रतियोगिता सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य संस्कृत को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए जन-जन की भाषा बनाना है। तिलककरण कार्यक्रम के माध्यम से संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिवस को मंगलमय एवं संस्कृतमय वातावरण में मनाया गया। विद्यार्थियों ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार में सहभागिता का संकल्प भी लिया।

हरियाली तीज पर मातृशक्ति ने मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मातृशक्ति द्वारा हरियाली तीज के पावन अवसर पर स्थानीय कृष्णा सेलिब्रेशन, चाणक्यपुरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रकला तोमर एवं सपना तोमर उपस्थित रहीं। हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं ने हरे रंग के आकर्षक परिधान पहनकर तीज पर्व की खुशियां मनाईं। इस दौरान तीज गीत, भजन एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। महिलाओं के मनोरंजन के लिए पेंसिल रेस, कुर्सी दौड़, गायन प्रतियोगिता एवं डांस सहित विभिन्न गेम्स का आयोजन किया गया। इसके साथ ही झूले, मेहंदी एवं अन्य पारंपरिक गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को आपस में जोड़ने के साथ ही समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं तथा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन में अखिल भारतीय मातृशक्ति जिला अध्यक्ष रश्मि तोमर सहित मिथिलेश चौहान, आशा चौहान, ज्योति भदोरिया, सरोज ठाकुर, बृजेश सेंगर, संगीता सेंगर, प्रतिभा तोमर, रीना तोमर, तृप्ति सिकरवार, मंजू चौहान, श्वेता परिहार, सपना तोमर, निरंजन गौर, मोनिका सोलंकी, ज्योति सेंगर, चंद्रकला जादौन, अर्चना चौहान एवं रेखा चौहान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सभी के लिए मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

जिला पंचायत सीईओ ने की छात्रवृत्ति व आवास सहायता के लंबित प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव की अध्यक्षता में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के कॉलेज एवं नोडल स्तर पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति से संबंधित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेज एवं नोडल स्तर पर छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता से संबंधित प्रकरणों की पेंडेंसी अधिक है, वे सभी लंबित प्रकरणों का सात दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता का लाभ समय पर मिले, इसके लिए लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में अनुपस्थित संस्था प्रभारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित संस्था प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने छात्रवृत्ति प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाह और पिछड़ा वर्ग विभाग की सहायक संचालक दिव्या राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने हड़ताल का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने के विरोध में प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। संघ का कहना है कि विभिन्न माध्यमों से मांगों को शासन के समक्ष रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मोहन डामोर ने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारी लंबे समय से ई-एचआरएमएस प्रणाली में अनिवार्य ई-अटेंडेंस समाप्त करने, 2800 ग्रेड-पे प्रदान करने, अतिरिक्त केंद्र भत्ता 500 से बढ़ाकर 5000 प्रतिमाह करने तथा पटवारियों के समान 4000 एग्री स्टेक भत्ता दिए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर संघ द्वारा शासन को ज्ञापन सौंपने के साथ ही ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, कलमबंद कार्य बहिष्कार तथा 21 अगस्त को भोपाल स्थित अंबेडकर पार्क में प्रांतीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसके बावजूद शासन की ओर से मांगों के निराकरण को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। संघ के अनुसार, 24 अगस्त को प्रदेशभर के कृषि विस्तार अधिकारी सामूहिक अवकाश पर रहे, लेकिन इसके बाद भी शासन द्वारा मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। इसके चलते संघ ने 25 अगस्त से प्रदेश के सभी कृषि विस्तार अधिकारियों के हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। संघ ने शासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर कृषि विस्तार अधिकारियों की लंबित समस्याओं का समाधान करने की अपील की है।

श्री नृसिंह लक्ष्मी महादेव मंदिर में किया नमक-चमक सहस्त्रधारा महा रुद्राभिषेक

शाम को हवन पूजन और महाआरती का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी महादेव मंदिर में सोमवार के पावन पर्व पर विद्वान पंडितों के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने नमक-चमक सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर के संत माधवदास महाराज के मार्गदर्शन में आधा दर्जन विद्वान पंडितों के द्वारा सुबह छह बजे पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक किया गया था, वहीं शाम को हवन पूजन और महा आरती का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पंडित कुणाल व्यास ने बताया कि जब चंद्र प्रधान दूध, दही इत्यादि से भगवान शिव को स्नान कराया जाता है तो व्यक्ति के मन की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है तथा साथ-ही-साथ उसके मन का चंचल स्वभाव भी समाप्त हो जाता है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। मन निर्मल हो जाने पर भगवान शिव की कृपा भक्तों पर होती है यदि कोई भक्त इस पवित्र माह में सच्चे मन से शिव की उपासना करता है तो उसे उस भक्ति का लाभ अवश्य ही मिलता है। सावन का अंतिम सोमवार था इसलिए मंदिर में पूजा अर्चना और प्रवचन का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि मनुष्य की रचना पांच तत्वों से मिलकर हुई है जो इस प्रकार हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश। इनके अलावा पांच ज्ञानेन्द्रियां तथा पांच कर्मेन्द्रियां भी उसमें समावेशित हैं। इन सब में सर्वाधिक शक्तिशाली मन को माना गया है जिसकी गति अत्यधिक तीव्र होती है मन की इसी चंचलता के कारण मात्र मनुष्यों को ही नहीं अपितु देवताओं के साथ-साथ दैत्यों को भी दुःख झेलने पड़े थे। इसी क्रम में मन के पांच विकार बताये गये हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह तथा अहंकार इन पांचों के कारण ही मनुष्य सदा ही दुख पाता है। प्राचीन काल में भी ऋषि विश्वामित्र, ऋषि दुर्वासा तथा इन्द्रादि देवताओं को भी इन विकारों के हाथों पराजित होना पड़ा था। कोई भी अनुष्ठान हो अथवा पूजा-अर्चना हो वह केवल तभी सफल होती है जब मन के इन विकारों से व्यक्ति मुक्त हो जाए और निर्मल मन से ईश्वर की आराधना करे।

स्वास्थ्य शिविर में उपचार के लिए पहुंचीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत मंगलवार को अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में महिलाएं शिविर में पहुंचीं और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जांच का लाभ लिया। शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श दिया गया। गर्भावस्था से प्रसव तक आवश्यक चिकित्सकीय सलाह, प्रसव संबंधी सुविधाएं, बांझपन की समस्या, सफेद पानी की समस्या, अत्यधिक एवं अनियमित माहवारी तथा गर्भाशय में गांठ जैसी समस्याओं को लेकर महिलाओं को विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिला। अंडाशय में गांठ के ऑपरेशन की सुविधा के संबंध में भी परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ. अंशु सोभानी द्वारा महिलाओं की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। बारिश के बावजूद महिलाओं में शिविर को लेकर उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही महिलाएं अटल अस्पताल पहुंचती रहीं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर में पहुंची महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं आगे की चिकित्सा के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़, जगह-जगह किया स्वागत, ओमकार सेवा मंडल ने लगाया भंडारा

श्रद्धा से निकाली बाबा बैजनाथ की शाही सवारी, जयकारों से गूंज उठा सारा शहर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल रहा। परंपरानुसार बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव की शाही सवारी सोमवार को धूमधाम और भक्तिभाव के साथ नगर भ्रमण पर निकली। दोपहर 11 बजे बड़ा महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ। शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः बड़ा महादेव मंदिर पहुंची, जहां बाबा की महाआरती की गई। शाही सवारी के दौरान पूरा नगर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। बैंड, ढोल-नगाड़ों और भक्ति धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। नगरवासियों ने जगह-जगह बाबा की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर शाही सवारी का स्वागत किया। श्रद्धालु मार्ग में पुष्प बिछाते हुए बाबा की पालकी के साथ चलते रहे। शाही सवारी में विधायक मोहन शर्मा, लोकेंद्र वर्मा, मंजुलता शिवहरे, शिव वैध, भरत झंवर, रमेश मालवीय सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, समाजबंधु और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सवारी में पहुंचे। शाही सवारी के अवसर पर ओमकार सेवा मंडल की ओर से बलवटपुरा चैराहे पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाजबंधुओं ने शीतलपेय व प्रसादी वितरित कर पालकी यात्रा का स्वागत किया।



शिवालयों में उमड़ी भीड़

सावन के अंतिम सोमवार को बड़ा महादेव, छोटा महादेव, पशुपतिनाथ जल मंदिर, गुप्तेश्वर, खजूर पानी, नादिया पानी एवं कोदू पानी स्थित शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों में विशेष पूजन, रुद्राभिषेक एवं धार्मिक आयोजन हुए। ग्रामीण अंचलों से पहुंची कांवड़ यात्राओं से भी नगर का वातावरण शिवमय बना रहा।

बाबा का किया आकर्षक श्रृंगार

अंतिम सोमवार के अवसर पर मंदिर पुजारियों द्वारा भगवान शिव का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से देर शाम तक शिवालयों में दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा।

कलेक्टर, एसपी ने लिया जायजा

इस दौरान जिला कलेक्टर और एसपी ने भी नरसिंहगढ़ पहुंच बाबा बैजनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया वहीं उन्होंने मेले का जायजा लिया। इस दौरान साउंड व्यवस्था सही नहीं होने पर नाराजगी भी जताई।

सावन के आखिरी सोमवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किए भोलेनाथ के दर्शन

माचलपुर। सावन के आखिरी सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

बाघा बल्डी पर भगवान शिव-पार्वती का हुआ था विवाह

माचलपुर को प्राचीन समय में हिमाचल : नगरी के नाम से जाने जाने की मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नगर की बाघा बल्डी पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। यहां आज भी विवाह के प्रतीक स्वरूप सात फेरे के निशान मौजूद हैं। मान्यता है कि नवविवाहित जोड़े इन सात फेरों की परिक्रमा कर सुखी और चिरस्थायी दांपत्य जीवन की कामना करते हैं।



मनकामनेश्वर महादेव का हुआ आकर्षक श्रृंगार: सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर नगर के प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आकर्षक श्रृंगार किया गया। मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का बाबा बर्फानी के स्वरूप में किया गया आलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर में दर्शन के लिए दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं नगर के स्वयंभू गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष सजावट की गई। मंदिर का अनोखा फूलों से किया गया श्रृंगार श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करता नजर आया।



भक्तों ने भगवान गुप्तेश्वर महादेव के दर्शन कर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए। इसी तरह नगर में विराजित बाबा बिल्लेश्वर महादेव भी श्रद्धालुओं की प्रमुख आस्था का केंद्र रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

चार क्विंटल खिचड़ी का प्रसाद

सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर नगर की बाघा बल्डी पर श्रद्धालुओं के लिए करीब चार क्विंटल खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। राधेश्याम सोनी द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर चले इस आयोजन में भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। सावन के अंतिम सोमवार पर नगर के प्रमुख शिवालयों में उमड़ी भीड़ ने माचलपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था की तस्वीर प्रस्तुत की।

ई-अटेंडेंस, सीएम हेल्पलाइन का मामला

लिपिक व भृत्य सस्पेंड, 4 लापरवाह अधिकारियों पर लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर टीएल(टाइम लिमिट) बैठक का आयोजन किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सार्थक अटेंडेंस, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। सार्थक अटेंडेंस दर्ज नहीं करने पर भृत्य मनोज केवट तथा सहायक ग्रेड-3 अमन धुर्वे को निलंबित कर दिया गया।

वहीं नरसिंहगढ़ तहसील के नाजिर पवन विश्वकर्मा द्वारा भी ऑनलाईन उपस्थितों को गंभीरता से न लेने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में 'सी' एवं 'डी' ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के संबंधित अधिकारियों की 01 दिवस का वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। वहीं नॉन-अटेंड शिकायतों पर संबंधित विभागों को नोटिस जारी करने तथा शिकायत अटेंड नहीं करने वाले संबंधित अधिकारी की तीन दिवस की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन निराकरण में बॉटम पांच में रहने वाले दिनेश श्रीवार, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, राजेश राजपूत, एसडीओ पीडब्ल्यूडी हर्षित चैधरी, ऊर्जा विभाग से अजीत भूमरकर एवं उमेश मिश्रा के विरुद्ध प्रति अधिकारी 3 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए।

सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में द्वितीय रहा जिला

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत राजगढ़ भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन में 'ए' ग्रेड प्राप्त किए जाने पर कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों की सराहना की तथा अन्य विभागों को भी इसी प्रकार प्रभावी ढंग से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

सार्थक अटेंडेंस 90 प्रतिशत करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनपद पंचायतों में सार्थक अटेंडेंस का प्रतिशत बढ़ाकर 90 प्रतिशत तक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्थक अटेंडेंस दर्ज नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के प्रकरण फाइल पर प्रस्तुत कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उप संचालक कृषि एवं उप संचालक पशुपालन को निर्देशित किया कि हड़ताल पर रहने वाले कर्मचारियों की हड़ताल अवधि का वेतन शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश प्राप्त होने तक आहरित नहीं किया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी मंडी सचिवों की कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित कर सार्थक अटेंडेंस एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया, पुष्पवर्षा की, फलाहारी प्रसाद बांटा

नीलकंठेश्वर की शाही सवारी निकाली, झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

सावन के चतुर्थ सोमवार के पावन अवसर पर नगर में भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई राजगढ़ बायपास रोड स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भगवान का आकर्षक श्रृंगार, महाआरती और विधिवत पूजन किया गया। पूजन के बाद बजरंग अखाड़ा के तत्वावधान में भगवान की शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। शाही सवारी में भगवान नीलकंठेश्वर महादेव पालकी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान भगवान का श्रृंगार उज्जैन महाकाल की तर्ज पर किया गया था, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शाही सवारी में शामिल मनमोहक चलित झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों पर आधारित झांकियों को देखने के लिए मार्ग में लोगों की भीड़ उमड़ी रही।



अखाड़ा कलाकारों ने दिखाए हैरत अंगेज करतब

शाही सवारी के सबसे आगे बजरंग अखाड़ा के कलाकार चल रहे थे। अखाड़ा के युवाओं ने लाठी, तलवारबाजी और विभिन्न प्रकार के हैरतअंगेज करतब और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर अखाड़ा प्रदर्शन देखते ही बन रहा था नगर में शाही सवारी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर बाबा नीलकंठेश्वर की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया दिनेश यादव मित्र मंडल सहित जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी प्रसाद और शरबत का वितरण किया गया।



शिमला बस स्टैंड से शिवाजी बाजार तक गूंजा हर-हर महादेव

शाही सवारी श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शिमला बस स्टैंड, राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराना थाना और पुराना माजिद चैक होते हुए चरणदास जी मंदिर पहुंची जहां हरिहर मिलन एवं महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इसके बाद शाही सवारी हाट बाजार होते हुए पुनः नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां महाआरती और महाप्रसादी के वितरण के साथ भव्य शाही सवारी का समापन हुआ इस अवसर पर राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष कमल यादव सहित समस्त विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए पूरे नगर में दिनभर धार्मिक उत्साह और शिवभक्ति का माहौल नजर आया।

शिवाजी ऑटो यूनियन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

गुना। सावन के अंतिम सोमवार को शिवाजी ऑटो यूनियन की जिला स्तरीय बैठक रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अशोक रजक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सैकड़ों ऑटो चालकों ने सर्वधर्म समभाव और संगठन की एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में ऑटो चालकों की मांग पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें नकुल यादव को नगर अध्यक्ष, सोनू ओझा को जिला उपाध्यक्ष और टिमटिम ऑटो की ओर से गणेशपाल को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

ग्रामीण बोले- कार्रवाई नहीं हुई तो बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे और खुलने भी नहीं देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आरोन विकासखंड के घटावदा स्थित शासकीय स्कूल में छात्राओं की पानी की बोतल में मूत्र मिलाने के मामले का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। घटना के करीब एक सप्ताह बाद अब ग्रामीणों ने प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने तीन दिन के भीतर प्राचार्य को स्कूल से हटाने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर बच्चों को स्कूल नहीं भेजने और स्कूल नहीं खुलने देने की चेतावनी भी दी गई है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 18 अगस्त को स्कूल में हुई घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। आरोप लगाया गया कि



मामले में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। यदि कोई कार्रवाई की भी गई तो ऐसे शिक्षकों पर की गई, जो घटना वाले दिन स्कूल में मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे मामले को जातिगत रूप दिए जाने से गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है। स्कूल के प्राचार्य की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर तीन दिन के भीतर उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें संस्था से हटाया जाए।

चार महीने पहले सजी थी डोली, मायके में फंदे पर झूलती मिली नवविवाहिता

परिजनों ने पति से विवाद और मारपीट का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महज चार महीने पहले शादी के बंधन में बंधी करीब 20 वर्षीय नवविवाहिता की मायके में फांसी लगाने से मौत हो गई। मृतिका की पहचान ग्राम दुदई निवासी अंजलि सहरिया के रूप में हुई है। रविवार को पिता उसे ससुराल ग्राम धाननखेड़ी से व्रत और सावन के चलते मायके लेकर आए थे। परिजनों का आरोप है कि कुछ देर बाद उसका पति भी वहां पहुंच गया और दोनों के बीच विवाद हुआ। माता-पिता शाम को घर लौटे तो अंजलि कमरे में फंदे पर लटकी मिली। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



मृतिका के पिता के अनुसार अंजलि की शादी करीब चार महीने पहले ग्राम धाननखेड़ी निवासी मयंक सहरिया से हुई थी। रविवार को अंजलि ने व्रत रखा था। परंपरा के अनुसार उसे मायके में व्रत खोलना था। इसी के चलते पिता बेटी को ससुराल से लेकर ग्राम दुदई स्थित अपने घर आए थे। दोपहर करीब 12 बजे दोनों घर पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक अंजलि का व्रत होने के कारण शाम को उसे व्रत खोलना था। पिता ने उससे कहा कि वह घर पर खाने की तैयारी कर ले, वे गुना से जरूरी सामान लेकर लौटेंगे। इसके बाद माता-पिता मजदूरी के काम से गुना चले गए। आरोप है कि माता-पिता की गैरमौजूदगी में अंजलि का पति मयंक भी दुदई पहुंच गया। यहां पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मृतिका के मायके पक्ष का आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद पति ने अंजलि के साथ मारपीट की और घर में रखे सामान में भी तोडफ़ोड़ की। इसके बाद क्या घटनाक्रम हुआ, इसकी जांच की जा रही है। शाम को अंजलि के माता-पिता काम से घर लौटे तो बेटी को कमरे में फंदे पर लटका देखकर उनके होश उड़ गए। कुछ ही देर में आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। नवविवाहिता संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

बाबा वटकेश्वर की निकाली शाही सवारी, मंत्री टेटवाल सहित कलेक्टर-एसपी ने किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महादेव मित्र मंडल के तत्वावधान में भूतभावन भगवान भोलेनाथ बाबा वटकेश्वर की शाही सवारी सोमवार को नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। बाबा वटकेश्वर नगर भ्रमण कर प्रजा का हाल जानने निकले। शाही सवारी को लेकर नगर में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और धर्मप्रेमी नागरिक यात्रा में शामिल हुए। बाबा वटकेश्वर मंदिर से शाही सवारी प्रारंभ होने से पहले राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं मंडल के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन-अभिषेक किया। इसके बाद बाबा की पालकी उठाई गई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पालकी की अगवानी की। शाही सवारी में महिला एवं युवा वाहिनी की बालिकाओं ने अखाड़े का आकर्षक प्रदर्शन किया। वहीं भोलेनाथ के गण, भूत, भालू सहित विभिन्न स्वरूपों और कीर्तन मंडल की झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बाबा की पालकी का स्वागत कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान शाही सवारी जब नीलकंठेश्वर मंदिर पहुंची तो कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी वहां पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने पहले नीलकंठेश्वर महादेव की आरती एवं पूजा-अर्चना की। इसके बाद बाबा वटकेश्वर की पालकी पहुंचने पर विधिवत पूजन कर आरती उतारी। शाही सवारी कालीसिंध घाट पहुंची। यहां जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने मां कालीसिंध का पूजन कर चुनरी अर्पित की। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से एसडीओपी अरविंद सिंह की उपस्थिति में बाबा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। शाही सवारी के दौरान थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रही। शाही सवारी विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः बाबा वटकेश्वर मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। यात्रा प्रभारी सतीश गिरजे एवं सतीश राठौर ने सभी का आभार माना।





तीन बालकों ने निकाली डाक कांवड़ यात्रा

त्रिवेणी संगम ताखला से सिद्धेश्वर महादेव का किया गया जलाभिषेक



जीरापुर। सावण मास धार्मिक आस्था श्रद्धा भाव को जागृत करते हुए हर व्यक्ति युवा बालक भोलेनाथ की भक्ति भाव में लगा हुआ है जहां देखो वहां भोलेनाथ के जयकारे एवं कांवड़िए महादेव के जलाभिषेक में लगे नजर आ रहे हैं। इसी दौरान नगर के तीन युवा बालकों ने डाक कावड़ यात्रा निकाली। नगर के 'अरविंद मेवाड़े, सचिन कुशवाह और प्रिंस जयसवाल' नामक तीनों बालक 'त्रिवेणी संगम ताखला' पहुंचे। जहां से ऐतिहासिक महादेव मंदिर से जल भरकर डाक कावड़ के रूप में भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए 'गांव माना, धतरावदा' होते हुए लगभग '26 किलोमीटर' की दूरी तय कर नगर के 'पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर' पर पहुंचे और जलाभिषेक किया। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर 'पंडित अनुराग शर्मा महाराज' ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक कराया।

26 किमी पैदल लाए जल

खेत में चारा काट रहे किसान पर टूटा 11 केवी लाइन का तार, मौत

गुना। खेत में चारा काट रहे एक किसान की ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय क्षेत्र में आकाशीय बिजली चमक रही थी। इसी दौरान अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर किसान के ऊपर आ गिरा। तेज करंट लगने से किसान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान उत्तम सिंह पुत्र मदनलाल निवासी पिपरौदा मैना रामगिर कला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उत्तम सिंह खेत पर पशुओं के लिए चारा काटने गए थे। इसी दौरान मौसम बिगड़ा और आकाशीय बिजली चमकने लगी। तभी खेत के ऊपर से निकली 11 केवी बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आते ही उत्तम सिंह गंभीर रूप से झुलस गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। करंट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उनके घुटने के ऊपर का हिस्सा बुरी तरह जल गया और बड़ा जख्म बन गया। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया।

खबर संक्षेप

दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट


सीहोर। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनिक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 41 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

सावन के अंतिम सोमवार को नगर भ्रमण पर निकले महादेव, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

उज्जैन की तर्ज पर निकली महाकाल की शाही सवारी झांकियों और सामूहिक नृत्य से भक्तिमय हुआ शहर





अंतिम सोमवार को आष्टा में प्राचीन श्री गणेश मंदिर से भगवान बाबा भोलेनाथ की शाही पालकी,शाही ठाठ बाट से निकली। पालकी यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में सावन मास के अंतिम सोमवार पर उज्जैन की तर्ज पर भगवान महाकाल की भव्य शाही सवारी निकाली गई। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा परम्परा अनुसार निकाली जाने वाली महादेव की इस शाही पालकी यात्रा में जनप्रतिनिधियों, धार्मिक संगठनों, महिला संगठनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ शामिल हुए। जिससे पूरे शहर का माहौल शिवभक्ति में डूब गया। आपको बता दे श्रावण मास के अंतिम सोमवार को आष्टा में प्राचीन श्री गणेश मंदिर से भगवान बाबा भोलेनाथ की शाही पालकी,शाही ठाठ बाट से निकली बाबा की पालकी पहले प्राचीन शंकर मन्दिर स्थित पार्वती नदी के तट पर पहुची जहाँ आरती एवं प्रसाद का वितरण हुआ,पार्वती नदी पर आयोजित महाआरती में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,धारासिंह पटेल,हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष भुरू मुकाती,सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह सहित सभी नागरिक,भक्त शामिल हुए। महाआरती के बाद शाही पालकी का शाही ठाठ बाट से भव्य शुभारम्भ प्रमुख मार्ग अस्पताल चौराहे से होता हुआ बुधवारा,गल चौराहा,चार बत्ती चौक, गंज,होते हुए गणेश मंदिर पहुचा जहां महाआरती के बाद प्रसाद वितरण व समापन हुआ।

झांकियां और सामूहिक नृत्य रहे आकर्षण

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती के नेतृत्व में निकाली गई शाही पालकी में आष्टा नगर में आस्था, उत्साह और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा नगर ₹हर-हर महादेव₹ के जयघोष से शिवमय हो गया। इस पावन अवसर पर भगवान श्री महाकालेश्वर बाबा की भव्य एवं दिव्य शाही पालकी यात्रा परम्परागत मार्गों से बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। भगवान महाकाल की आकर्षक फूलों से श्रृंगारित शाही पालकी जैसे ही नगर भ्रमण पर निकली, हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शाही पालकी के आगे आकर्षक बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े, डमरू दल और मालवा-निमाड़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए चल रहे थे। भक्ति धुनों पर युवा शिवभक्त थिरकते हुए चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर, इत्र बरसा कर शाही पालकी का स्वागत किया जा रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं उज्जैन से बाबा महाकाल आष्टा नगरी को आशीर्वाद देने पधारे हों। सुरक्षा व्यवस्था के बीच हजारों की संख्या में भक्तजन पालकी के दर्शन को आतुर दिखे। हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती के नेतृत्व में सावन के अंतिम सोमवार को निकाली गई शाही सवारी के दौरान शिव भक्तों का विशेष श्रृंगार, मनमोहक झांकियां और शिव नृत्य, अघोरी, राधा कृष्णा नृत्य, मोर नृत्य, काली माता, तिरुपति,श्री नाथ, नर्सिंग अवतार, महाबली हनुमान, राजस्थानी नृत्य, गंगा आरती, गोरिला, पांडा, मोटू पतलु आकर्षण का केंद्र बने रहे। शहर के प्रमुख चौराहों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने समां बांध दिया।

सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

सावन के अंतिम सोमवार को निकाली गई शाही पालकी का जहाँ प्रमुख मार्गो पर पुष्प बरसा कर स्वागत किया गया तो वही शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन,जनप्रतिनिधियों,व्यपारिक संगठनों ने मंचों से स्वागत किया। इस दौरान विधायक गोपाल इंजिनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भुरू मुकाती, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाहा,शीतला माता मंदिर समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र सोनी जय श्री जवेलर्स, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौर का सामाजिक मंचों,व्यपारिक मंचों से साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया! बुधवारा चौराहे पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार मित्रमंडल ने भी शाही सवारी का स्वागत किया! तो खंडेलवाल चौराहे पर होटल व्यापारी संघ अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल के नेतृत्व में स्वागत किया गया, वही जनरल स्टोर स्टेशनरी संघ के अध्यक्ष पल्लव जैन प्रगति ने भी शाही पालकी का अपने व्यापारी साथियों का स्वागत किया, वही बाबा रामदेव मंदिर के पास छत्रिय सेंधव समाज,गंज में माता चौक मंदिर पर तांत्रिक ग्रुप के द्वारा पालकी का स्वागत किया गया।

शाही पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल ने अनेक स्वरुपों में दिए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर में सोमवार को मां महिषासुर मर्दीनी संगठन के नेतृत्व में बाबा महाकालेष्वर की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शाही पालकी में सवार होकर बाबा महाँकाल सहित कई स्वरूपों में भोलेनाथ नगर में भ्रमण के लिये निकले। इस दौरान बडी संख्या में लोग शामिल हुए युवा भजनो की धुन पर थिरकते हुए नजर आए। वही शाम को भगवान भोलेनाथ की पालकी नगर में निकाली गई जो नगर के श्रीराम मंदिर से डमरु एवं झांज की धून के साथ प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः श्रीराम मंदिर पहुंची जहां भगवान भोलेनाथ की आरती की गई। शोभायात्रा में कई झांकी शामिल थी। पालकी में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए एवं लोगो द्वारा अपने अपने घरो से पालकी की पूजा अर्चना की गई, वही पालकी में भागवान भोलेनाथ, बाबा अमरनाथ व चन्द्रयान की झांकी आकर्षक का केन्द्र रही। पालकी के दौरान अखाडे के उस्तादो द्वारा विभिन्न प्रकार के करतब दिखाए गए। शोभायात्रा के दौरान कई संगठनो द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। वही मां महिषासुर मर्दीनी संगठन के नेतृत्व में नगर की सभी समितियों व नगरवासियों, क्षेत्रवासियो का बड़ी संख्या में शाही सवारी में शामिल होने आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य केंद्रों में 665 गर्भवती महिलाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 25 अगस्त को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 665 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 198 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जाँच के लिये निशुल्क पिक अप एवं ड्राप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

153 लीटर अवैध शराब सहित महिंद्रा थार की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

अवैध शराब के परिवहन एवं तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 153 लीटर अवैध शराब सहित परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा थार कार जब्त की गई है मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है मंगलवार को थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भोपाल की ओर से एक काले रंग की बिना नंबर की महिंद्रा थार कार में अवैध शराब छिपाकर परिवहन की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल गडरिया नाला के पास घेराबंदी की गई पुलिस टीम ने संदिग्ध महिंद्रा थार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालक वाहन को भगाने लगा पुलिस टीम द्वारा पीछा कर वाहन को शंकर मंदिर के पास रोक लिया गया। वाहन में सवार दोनों व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई चालक ने अपना नाम शिवम हिंगोले पिता प्रकाश सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी आदमगढ़ बंगाली कॉलोनी, नर्मदापुरम तथा उसके साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विशाल जाटव पिता बैजू उर्फ बैजनाथ जाटव, उम्र 20 वर्ष, निवासी आईटीआई आदर्श नगर, नर्मदापुरम बताया। वाहन की तलाशी लेने पर पिछली सीट से 13 पेटी देशी शराब एवं 3 पेटी बीयर, कुल 153 लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 62,080 है, बरामद हुई। पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की महिंद्रा थार कारको विधिवत जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पौधारोपण कर दिया संदेश

सीहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उल्लास एक अभिनव प्रयोग एवं पंच-ज' योजना अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल सहित न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने इस अवसर पर पौधारोपण किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश शहेमंत जोशी आदि उपस्थित थे।

ठाकुर बने हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

गत दिवस हिंदू उत्सव समिति जावर की वार्षिक निर्वाचन बैठक राम मंदिर जावर में संरक्षक मंडल एवं सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अजय सिंह ठाकुर (गब्बर) निर्वाचित हुए। अन्य तीन उम्मीदवारों ने अजय सिंह के समर्थन में नाम वापस लिए। उपस्थित सभी समिति के कार्यकर्ताओं ने बधाई देकर हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस बार संरक्षक गणों द्वारा ही अध्यक्ष का निर्वाचन होना था। बैठक में सबसे पहले समिति के उद्देश्य, नियमावली एवं सदस्यों के संकल्प का प्रस्तुतीकरण किया गया। 10 सितंबर तक शेष सदस्यता अभियान पूर्ण कर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा एवं आगामी त्योहारों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा ने दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

कोड-आधारित प्रणाली लागू करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर देशव्यापी अभियान के अंतर्गत महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा जिला संयोजक चांद सिंह मेवाडा के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा को दिए गए ज्ञापन का वाचन जनम सिंह परमार के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा ने बीताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना-2027 में जाति-वार जनसंख्या की गणना कराने का निर्णय समावेशी नीति निर्माण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन जनगणना के पहले चरण में ओबीसी का आप्शन न देकर सरकार ने ओबीसी वर्ग क साथ धोखेबाजी की है। दूसरे चरण की प्रश्नावली में ओबीसी का आप्शन नहीं दिया गया है। जाति आधारित जनगणना के लिए ओपेन कालम व्यवस्था की गयी है। इससे जनगणना के आंकड़े भ्रमित करने वाले आयेंगे क्योंकि ठीक इसी प्रकार से 2011 में कांग्रेस सरकार के द्वारा जातियों के ओपेन आप्शन की पद्धति से सर्वे में आंकड़े कलेक्ट्रेट किए गये थे जिसमें 46.7 लाख जातियां आयी और सरकार ने भ्रमित करने वाले आंकड़े बता कर उसको जारी करने से मना कर दिया था और ओबीसी के साथ धोखाधड़ी की गयी थी। ठीक वही पद्धति से इस जनगणना को करना ओबीसी सहित सभी जातियों के साथ धोखेबाजी होगी। इसलिए जो पद्धति एससी-एसटी की जनगणना के लिए अपनाई जाती है ठीक वही पद्धति ओबीसी की जनगणना और जाति आधारित जनगणना के लिए अपनाई जाय जिससे सही प्रकार से आंकड़े दर्ज किए जा सके। एससी एसटी की तरह ओबीसी का भी अलग से आप्शन दिया जाय और जिस पद्धति से एससी-एसटी की जनगणना होती है उसी पद्धति से ओबीसी की भी जनगणना किया जाए। राज्यवार आधिकारिक एवं व्यापक मास्टर जाति निर्देशिका तैयार की जाए। प्रत्येक जाति को विशिष्ट कोड प्रदान किया जाए। अनियंत्रित ₹ओपन कॉलम₹ व्यवस्था के स्थान पर मानकीकृत विकल्प आधारित प्रणाली अपनाई जाए। असूचीबद्ध एवं स्थानीय जातियों के सत्यापन के लिए स्पष्ट संस्थागत व्यवस्था बनाई जाए। जाति संबंधी डेटा के संग्रह, सत्यापन एवं संकलन की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुरक्षित एवं ऑडिट योग्य बनाया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर राष्ट्रीय ओबीसी वर्ग मोर्चा आगामी 2 सितंबर से राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना-प्रदर्शन करेगा।

लव कुश जयंती पर कुशवाहा समाज निकालेगा चल समारोह, बलराम बने कार्यक्रम अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कुशवाहा समाज के वरिष्ठ जनों की सहमति से लव कुश जयंती चल समारोह अध्यक्ष समाजसेवी बलराम पटेल कुशवाहा को चुना गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 28 सितंबर को कुशवाहा समाज शहर में लवकुश जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। कुशवाहा समाज के द्वारा भोपाल नाके कुशवाहा समाज हनुमान मंदिर से लेकर लव कुश चौराहा पटेल मार्केट तक भव्य विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर मंगलवार को सुंदर गार्डन में कुशवाहा समाज द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। सामाजिक वरिष्ठ जनों की सर्व सहमति से लव कुश जयंती उत्सव चल समारोह अध्यक्ष बलराम पटेल कुशवाहा को चुना गया। महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से रामचंद्र पटेल, संतोष कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, सदानंद कुशवाहा, तोताराम कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा शंकर लाल अर्जुन आशीष कुशवाहा लक्ष्मी नारायण दिलीप कुशवाहा जितेंद्र कुशवाहा मुकेश कुशवाहा दीपक कुशवाहा अक्षय कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, मदन कुशवाहा देवेंद्र कुशवाहा दिलीप पटेल, केशव कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कुशवाहा समाजजन उपस्थित रहे।